षोडश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या–05 **मंगलवार, दिनांक– 06 मार्च, 2018 ई० ।**

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.15 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 04 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।
(iii) 09 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।
(v) 128 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :-

माननीय सदस्य श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव, श्री अमीत कुमार एवं श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा दिए गए कार्य स्थगन सूचना को नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया :-

(i) श्री महबूब आलम
(ii) श्री सुदामा प्रसाद
(iii) श्री अमीत कुमार
(iv) श्री समीर कुमार महासेठ
(v) श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव
(vi) श्री अमरनाथ गामी
(vii) श्री (डा०) विनोद प्रसाद यादव
(viii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

(ix) श्री मो० नेमतुल्लाह

(x) श्री संजय कुमार सिंह

माननीय सदस्य, श्री संजय कुमार सिंह द्वारा शून्यकाल के अन्तर्गत उठाये गये विषय पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा संज्ञान लिया गया ।

[4] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ** :-

(i) माननीय सदस्य, श्री श्याम रजक एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री श्याम रजक द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव एवं अन्य सभासदों का खान एवं भूतत्व विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर के लिए समय की माँग किये जाने के फलस्वरूप ध्यानाकर्षण सूचना को स्थगित किया गया ।

[5] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना** :-

माननीय प्रभारी मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, श्री खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद द्वारा बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम के 2011-12 का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.14 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[6] **वित्तीय वर्ष 2017-18 की तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरण में सम्मिलित अनुदान की मांग [स्वास्थ्य विभाग] पर वाद-विवाद तथा मतदान** :-

माननीय सदस्य, श्री भोला यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

वित्तीय वर्ष 2017-18 की तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरण में सम्मिलित अनुदान की मांग [स्वास्थ्य विभाग] पर वाद-विवाद तथा मतदान में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) डा० रामानुज प्रसाद

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री (डा०) अशोक कुमार ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री लक्ष्मेश्वर राय

(iii) श्री राघव शरण पाण्डेय

(iv) मो० नेमतुल्लाह

(v) श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह

(vi) श्रीमती गायत्री देवी

(vii) श्री अवधेश कुमार सिंह

(viii) श्री समीर कुमार महासेठ

(ix) श्री सत्यदेव राम

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री मंगल पाण्डेय द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के माननीय सदस्यगण सदन से बर्हिगमन कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री भोला यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा वित्तीय वर्ष 2017-18 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

तत्पश्चात् सदन द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी में सम्मिलित शेष अनुदान की मांगे गिलोटीन (मुखबंध) के द्वारा बारी-बारी से स्वीकृत हुआ ।

[7] **विधायी कार्य :- राजकीय (वित्तीय) विधेयक**

''बिहार विनियोग विधेयक, 2018''

माननीय प्रभारी मंत्री, श्री मंगल पांडेय द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति के उपरान्त विधेयक के सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने । तदोपरान्त माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

तत्पश्चात् बिहार विनियोग विधेयक, 2018 सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[8] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 20 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-07 मार्च, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-06.03.2018

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।